an>

Title:Need to give opium lease to farmers who lost their crop due to hailstorms.

श्री सुभाÂा चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र में वÂान 2014-2015 में अफीम नीति के तहत 600 किसानों को अफीम उगाने के लाइसेंस दिए गए थे। मार्च, 2015 में वहां जबरदस्त ओलावृÂिट हुई और इस कारण अफीम की फसल काफी मात्रा में नÂट हो गई। अफीम नीति के तहत ऐसा होता है कि जितनी भी फसल उगाई जाएगी, वह सरकार की संस्था को पूरी ही दी जाएगी। जब वहां अफीम की पूरी फसल नÂट हो गई है तो वह सरकार को कहां से बेचेंगे। इस कारण उनके लाइसेंस रिन्यू नहीं हो रहे हैं। केंद्र सरकार उनके लाइसेंस को रोक रही हैं।

मेरा आपके माध्यम से वित्त मंत्रालय से आग्रह है कि जिन किसानों की फसल ओलावृÂिट की वजह से नÂट हुई है, उन्हें अफीम की फसल के पट्टे वापिस दिए जाएं।